**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **4870** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **31 मार्च**, 2023/10 चैत्र, 1945 (शक) को दिया जाना है

**आरओ-आरओ/आरओ-पैक्स फेरी**

**†4870. श्री रमेश बिन्द :**

**श्री मितेष पटेल (बकाभाई) :**

**श्रीमती शारदा अनिल पटेल :**

**क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत के तटों पर आरओ-आरओ/आरओ-पैक्स फेरी सेवाओं की तर्ज पर सभी प्रमुख और गैर-प्रमुख पत्तनों को जलमार्गों के माध्यम से जोड़ने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का व्यवहार्य जलमार्ग पारिस्थितिकी तंत्र के लिए तटों के किनारे के सभी पत्तनों को जोड़ने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए पश्चिमी तट पर पर्यटन की संभावना वाले शहरों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और प्रस्ताव के अंतर्गत राज्य-वार कितने पत्तनों को चिन्हित किया गया है?

उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: जी, हां। भारत के तट के साथ सभी महापत्तनों और गैर-महापत्तनों को नदी जलमार्गों सहित परिवहन के सर्वाधिक दक्ष, हरित और किफायती मोड, जहां भी संभव हो के साथ जोड़ने का उद्देश्य है।

राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत घोषित किए गए 111 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) में से, 9 रा.ज. 7 महापत्तनों तथा 14 रा.ज. 22 गैर-महापत्तनों के साथ संपर्कता उपलब्ध कराते हैं। तटीय राज्यों में पत्तनों को जोड़ने वाले रा.ज. का विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है।

**(ग) और (घ):** फेरी सेवाओं की विशाल क्षमता और विशिष्ट लाभ को देखते हुए, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय 1960 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत से 47 परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। विभिन्न राज्यों के पत्तनों में 47 रो-रो/रो-पैक्स/यात्री फेरी परियोजनाओं में से, 5 परियोजनाएं गुजरात राज्य में, 28 महाराष्ट्र में, 5 कर्नाटक में और 1 गोवा में है। 47 परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-2** में दिया गया है। कार्गो और यात्री आवागमन को सुगम करने के साथ ही, यह पर्यटकों के लिए लागत प्रभावी तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन भी उपलब्ध कराएगा।

इसके साथ ही, सागरमाला कार्यक्रम की परिधि के अंतर्गत, मंत्रालय ने गुजरात में घोघा-हजीरा तथा महाराष्ट्र में मुंबई-मांडवा के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा प्रचालित की है, जिससे यात्रा समय क्रमश: 3 घंटे तथा 45 मिनट होने के साथ ही अनुमानित कार्बन (कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन) में क्रमश: 24 एमटी प्रतिदिन और 13 एमटी प्रतिदिन की कमी आई है। दिसंबर, 2022 तक 13 लाख से अधिक यात्रियों तथा 2.5 लाख यात्री वाहनों को इन सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छ पर्यावरण तथा जन कल्याण के प्रति योगदान हुआ है।

अनुबंध - 1

तटीय राज्यों में पत्तनों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) का विवरण

| क्रम सं | महापत्तनों के साथ संपर्कता | राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) |
|---|---|---|
| 1 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन, कोलकाता और हल्दिया | 1. रा.ज.-1 फरक्का (पश्चिम बंगाल ) -साहिबगंज (झारखंड)-पटना (बिहार)-वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के साथ ( गंगा -भागीरथी- हुगली नदी प्रणाली-1620 किमी) ।<br>2.रा.ज.-97 (सुंदरवन-172 किमी) (पश्चिम बंगाल)<br>3. रा.ज.-86 पश्चिम बंगाल में (रूपनारायण नदी 72 किमी)। |
| 2 | पारादीप | 1. रा.ज.-5 ( ब्राह्मणी - खरसुआ - तांतिघई - पांडुआनाला-देधेईनाला - कानीधामरा - नदी प्रणाली, गियोनखली - ईस्ट कोस्ट नहर का चारबतिया हिस्सा, चारबतिया- मताई नदी और महानदी डेल्टा नदियों का धामरा खंड ( 588 ) / ओडिशा )<br>2. रा.ज.-64 (महानदी नदी) |
| 3 | कोचीन | रा.ज.-3 (कोझिकोड से कोल्लम तक पश्चिमी तट नहर , चंपकारा नहर और उद्योगमंडल नहर - 205 + 165 किमी) |
| 4 | मुरगांव | रा.ज.-111 ( ज़ुआरी नदी , गोवा - 50 किमी)) |
| 5 | नव मंगलूर | रा.ज.-43 ( गुरुपुर नदी, कर्नाटक - 10 किमी) |
| 6 | मुंबई | रा.ज.-10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 किमी) |
| 7 | जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण | |

| क्रम सं | गैर-महापत्तनों के साथ संपर्कता | राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) |
|---|---|---|
| 1 | कारवार पत्तन | रा.ज. 52 (काली नदी, कर्नाटक - 54 किमी) |
| 2 | धामरा | रा.ज. 5 ( ब्राह्मणी - खरसुआ - तांतिघई - पांडुआनाला - देधेईनाला - कानीधामरा - नदी प्रणाली, गोंखली - ईस्ट कोस्ट नहर का चरबतिया खंड, चारबतिया - मताई नदी का धामरा खंड और महानदी डेल्टा नदी (588) / ओडिशा ) |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | काकीनाडा डीप वाटर | रा.ज. 4 (गोदावरी और कृष्णा नदियों के साथ एकीकृत काकीनाड़ा- पुदुच्चेरी नहर, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , कर्नाटक, तमिलनाडु , पुदुच्चेरी , महाराष्ट्र - 2890 किमी) |
| 4 | कृष्णापट्टनम | रा.ज. 4 (गोदावरी और कृष्णा नदियों के साथ एकीकृत काकीनाड़ा- पुदुच्चेरी नहर, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , कर्नाटक, तमिलनाडु , पुदुच्चेरी , महाराष्ट्र - 2890 किमी) |
| 5 | कोल्लम / नींदकारा | रा.ज. 3 (कोझिकोड से कोल्लम तक पश्चिमी तट नहर , चंपकारा नहर और उद्योगमंडल नहर - 205 + 165 किमी) |
| 6 | बेपोर | रा.ज. 3 (कोझिकोड से कोल्लम तक पश्चिमी तट नहर , चंपकारा नहर और उद्योगमंडल नहर - 205 + 165 किमी) |
| 7 | पणजी | रा.ज. 68 ( मंडोवी नदी, गोवा -41 कि.मी.) |
| 8 | ओल्ड मंगलूर | रा.ज. 43 ( गुरुपुर नदी, कर्नाटक-10 कि.मी.) |
| 9 | बनकोट | रा.ज. 89 ( सावित्री नदी- बनकोट क्रीक, महाराष्ट्र-46 कि.मी.) |
| 10 | कीशी | रा.ज. 89 ( सावित्री नदी- बनकोट क्रीक, महाराष्ट्र-46 कि.मी.) |
| 11 | भिवंडी | रा.ज. 10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 कि.मी.) |
| 12 | उल्वा-बेलापुर ( पनवेल ) | रा.ज. 10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 कि.मी.) |
| 13 | ट्रॉम्बे | रा.ज. 10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 कि.मी.) |
| 14 | वासल | रा.ज. 10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 कि.मी.) |
| 15 | करंजा | रा.ज. 10 ( अंबा नदी, महाराष्ट्र -45 कि.मी.) |
| 16 | दाभोल | रा.ज. 28 ( दाभोल क्रीक - वशिष्ठी नदी प्रणाली, महाराष्ट्र - 45 किमी) |
| 17 | जयगढ़ | रा.ज. 91 ( शास्त्री नदी- जयगढ़ क्रीक सिस्टम, महाराष्ट्र-52 कि.मी.) |
| 18 | राजपुरी / दिघी | रा.ज. 83 ( राजपुरी क्रीक, महाराष्ट्र - 31 कि.मी.) |
| 19 | रेवदंडा | रा.ज. 85 ( रेवदंडा क्रीक - कुंडलिका नदी प्रणाली, महाराष्ट्र - 31 कि.मी.) |
| 20 | दाहेज | रा.ज. 73 (नर्मदा नदी, गुजरात और महाराष्ट्र - 227 कि.मी.) |
| 21 | हजीरा एचपीपीएल और एएचपीपीएल | रा.ज. 100 ( तापी नदी, गुजरात और महाराष्ट्र - 436 कि.मी.) |
| 22 | मगदल्ला | रा.ज. 100 ( तापी नदी, गुजरात और महाराष्ट्र - 436 कि.मी.) |

अनुबंध 2

विभिन्न राज्यों के पत्तनों में 47 रो-रो/रो- पैक्स /यात्री फेरी परियोजनाओं का विवरण

| क्रम सं | परियोजना का नाम | क्रियान्वयन एजेंसी | परियोजना लागत (करोड़ रु.) | जारी की गई निधि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवी मुंबई में बेलापुर में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 8.38 | 3.31 |
| 2 | भायंदर में रो-रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 14.00 | 7.10 |
| 3 | नारंगी - विरार में रो-रो जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.75 | 3.40 |
| 4 | मालवन - सिंधुदुर्ग में यात्री जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 10.23 | 5.12 |
| 5 | कान्होजी आंग्रे द्वीप पर यात्री नाव लैंडिंग जेट्टी का निर्माण | मुंबई पत्तन न्यास | 7.68 | 3.84 |
| 6 | मांडवा में आरओ -आरओ सेवा - मांडवा पत्तन विकास का दूसरा चरण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 63.00 | 27.50 |
| 7 | हजीरा में रो- पैक्स सुविधा का निर्माण और रखरखाव | दीनदयाल पत्तन न्यास | 69.06 | 34.53 |
| 8 | मांडवा में रो-रो पैक्स सेवाओं के लिए नौचालन चैनल में कैपिटल ड्रेजिंग | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 16.54 | 8.27 |
| 9 | मांडवा में ब्रेक वाटर का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 72 | 30 |
| 10 | रायगढ़ जिले के काशीद में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 112.46 | 49.91 |
| 11 | रत्नागिरी जिले के वेल्डुर में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.63 | 3.81 |
| 12 | अरनाला किला- ताल वसई - जिला ठाणे में यात्री जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 9.94 | 4.97 |
| 13 | रत्नागिरी जिले के अंबावने शिगवान में यात्री जेट्टी। | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.91 | 3.95 |
| 14 | रेवास में रो-रो सुविधा | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 25.07 | 12.54 |
| 15 | गोराई में रो-रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.90 | 3.46 |
| 16 | वसई में रो-रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.73 | 3.37 |
| 17 | खरवदेश्वरी - पालघर में रो-रो जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 12.92 | 6.46 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | मनोरी में रो-रो जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 6.59 | 3.29 |
| 19 | घोड़बंदर में रो-रो जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 7.50 | 5.25 |
| 20 | बोरीवली में जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 15.47 | 7.74 |
| 21 | भवानी द्वीप-कृष्णा जिले में पर्यटन जेट्टी | आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम | 22.00 | 10.00 |
| 22 | मोरा में रो रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 88.72 | 44.36 |
| 23 | कन्याकुमारी पत्तन पर यात्री बर्थिंग सुविधा का विस्तार | तमिलनाडु समुद्री बोर्ड | 20.00 | 10.00 |
| 24 | ठाणे जिले में दुर्गाडी - कल्याण में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 14.08 | 4.38 |
| 25 | रायगढ़ जिले के उंडेरी में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 8.93 | 4.56 |
| 26 | रायगढ़ जिले के पद्मदुर्ग में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 19.94 | 9.97 |
| 27 | रत्नागिरी जिले के सुवर्णदुर्ग में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 18.16 | 9.08 |
| 28 | देवीचपड़ा डोंबिवली - तालुका कल्याण में यात्री जेट्टी और संबद्ध सुविधाएं। | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 21.45 | 6.34 |
| 29 | वास्को खाड़ी - एमओपीटी में यात्री जेट्टी | मुरगांव पत्तन न्यास | 21.00 | 10.00 |
| 30 | गेट वे ऑफ इंडिया, मुंबई के पास रेडियो क्लब में यात्री जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 162.98 | 81.49 |
| 31 | कनिनाली में रोपैक्स जेट्टी | पत्तन विभाग, ओडिशा सरकार | 55.00 | 50.30 |
| 32 | रोपैक्स जेट्टी तलचुआ | पत्तन विभाग, ओडिशा सरकार | 55.00 | |
| 33 | डोंबिवली, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण- रा.ज.-53 | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 21.30 | 10.65 |
| 34 | कोलशेट, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण रा.ज.-53 | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 30.36 | 15.18 |
| 35 | मीरा-भायंदर , जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण रा.ज.-53 | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 24.46 | 12.23 |
| 36 | काल्हेर , जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण रा.ज.-53 | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 23.55 | 11.77 |
| 37 | मुलद्वारका में रो- पैक्स सुविधा का निर्माण और रखरखाव | दीनदयाल पत्तन न्यास | 144.30 | 72.15 |
| 38 | खुर्दा जिले के बालुगांव में रोपैक्स जेट्टी का निर्माण | पत्तन विभाग, ओडिशा सरकार | 27.00 | 22.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | पुरी ज़िले में कृष्णप्रसाद गढ़ा में रोपैक्स जेट्टी का निर्माण | पत्तन विभाग, ओडिशा सरकार | 27.00 | |
| 40 | पीपावाव में रो- पैक्स सुविधा का निर्माण और रखरखाव | दीनदयाल पत्तन न्यास | 170.06 | 85.03 |
| 41 | सतपदा और जननीकुडम, ओडिशा के बीच फेरी सेवा | पत्तन विभाग, ओडिशा सरकार | 13.96 | 6.98 |
| 42 | रायगढ़ जिले के जंजीरा किले में यात्री जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | 111.42 | 55.71 |
| 43 | जप्पीना मोगारू ओल्ड फेरी, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | पत्तन और आईडब्ल्यूटी, कर्नाटक | 5.23 | 5.23 |
| 44 | कसबा बेंगरे फेरी, कर्नाटक में बर्थिंग सुविधाओं और लैंड-साइड सुविधाओं का निर्माण | पत्तन और आईडब्ल्यूटी, कर्नाटक | 4.89 | 4.89 |
| 45 | कर्नाटक के मंगलूर तालुका में गुरुपुर (रा.ज.-43) पर जलमार्ग का विकास | कर्नाटक समुद्री बोर्ड | 29.62 | 14.81 |
| 46 | उत्तर कन्नड़ जिले के कुम्ता तालुका में तड़ाडी - अघनाशिनी जलमार्ग का एकीकृत विकास | कर्नाटक समुद्री बोर्ड | 20.00 | 10 |
| 47 | कर्नाटक में अलमट्टी से बागलकोट तक जलमार्ग का विकास | कर्नाटक समुद्री बोर्ड | 12.2 | 6.10 |

*****